**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 3025**
**13 दिसंबर, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**उत्तर प्रदेश में सीजीएचएस औषधालय**

**3025. श्री लक्ष्मीकान्त पप्पू निषाद:**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में केंद्र सरकार स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस), औषधालय खोलने के लिए निर्धारित मानदंड क्या हैं;
(ख) क्या उत्तर प्रदेश में इंदिरापुरम और गाजियाबाद में केवल एक सीजीएचएस, औषधालय कार्यरत है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या यह सच है कि उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले के कौशाम्बी, वसुंधरा, वैशाली और इंदिरापुरम में केंद्र सरकार के कई सेवारत और सेवानिवृत्त कर्मचारी इंदिरापुरम में स्थित एकमात्र कार्यरत सीजीएचएस औषधालय पर निर्भर हैं; और
(घ) क्या रोगियों की बढ़ती संख्या से निपटने के लिए कौशाम्बी, वसुंधरा, वैशाली या इंदिरापुरम में नया औषधालय खोले जाने का विचार है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और इसके लिए निर्धारित समयावधि क्या है?

**उत्तर**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री प्रतापराव जाधव)**

(क) से (घ): केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) एक अंशदान आधारित योजना है, जिसे वर्ष 1954 में पहले से मौजूद केंद्रीय सेवा (चिकित्सा परिचर्या) नियम, 1944 के पूरक और अनुपूरक के रूप में शुरू किया गया था। सीजीएचएस इस योजना के तहत नामांकित केंद्र सरकार के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को व्यापक चिकित्सा परिचर्या प्रदान करता है। यह भारत में लोकतांत्रिक व्यवस्था के सभी चार स्तंभों अर्थात् विधानमंडल, न्यायपालिका, कार्यपालिका और प्रेस को कवर करते हुए पात्र लाभार्थियों की स्वास्थ्य परिचर्या संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करता है। सीजीएचएस केंद्र सरकार के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए आदर्श स्वास्थ्य परिचर्या सुविधा प्रदाता है। लाभार्थी आधार की बड़ी संख्या और स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करने के उदार दृष्टिकोण के कारण यह अपनी तरह का अनूठा है।

वर्तमान में, पूरे भारत में 81 शहरों में लगभग 47 लाख लाभार्थी सीजीएचएस द्वारा कवर किए गए हैं और सेवाओं की पहुंच में सुधार के लिए अधिक शहरों को शामिल करने का प्रयास किया जा रहा है। सीजीएचएस एलोपैथिक, होम्योपैथिक और आयुर्वेद, यूनानी, सिद्ध और योग जैसी भारतीय चिकित्सा पद्धति के माध्यम से स्वास्थ्य परिचर्या प्रदान करता है।

सरकार शहर में न्यूनतम 2500 प्रमुख कार्डधारकों या 6000 लाभार्थियों की उपस्थिति के मौजूदा मानदंडों को ध्यान में रखते हुए नए केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) आरोग्य केंद्र खोलने पर विचार करती है, जो चिकित्सा अधिकारियों, स्टाफ नर्स, फार्मासिस्ट, लिपिकीय कर्मचारियों और उपयुक्त आवास जैसे अन्य संसाधनों की उपलब्धता के अधीन है। गाजियाबाद क्षेत्र में निम्नलिखित सीजीएचएस वेलनेस सेंटर कार्यशील हैं:

(i) सीजीएचएस आरोग्य केंद्र, गाजियाबाद (डी-68)

(ii) सीजीएचएस आरोग्य केंद्र, साहिबाबाद (डी-94)

(iii) सीजीएचएस आरोग्य केंद्र, इंदिरापुरम (डी-97)

(iv) सीजीएचएस आरोग्य केंद्र, प्रताप विहार (डी-106)

****